# दैनिक कमोडिटी रिपोर्ट (मेटल एवं एनर्जी) 08 मई 2024

## अतंराष्ट्रीय बाजार

### COMEX/NYMEX/ICE (कीमती धातुएं एवं एनर्जी)

| कमोडिटी | कॉन्ट्रैक्ट | एक्सपायरी | बंद भाव |
|---|---|---|---|
| चांदी | जून | 26-06-24 | 27.41 |
| सोना | जून | 26-06-24 | 2324.20 |
| कच्चा तेल | जून | 21-05-24 | 78.38 |
| ब्रेंट कच्चा तेल | जुलाई | 30-05-24 | 83.16 |
| नेचुरल गैस | जून | 29-05-24 | 2.21 |

### करेंसी / कमोडिटी इंडेक्स

| करेंसी | वर्तमान भाव |
|---|---|
| अमेरिकी डॉलर/भारतीय रूपया' | 83.46 |
| डॉलर इंडेक्स | 105.41 |
| यूरो/अमेरिकी डॉलर | 1.07 |
| सीआरबी इंडेक्स | 334.83 |

### LME (बेस मेटल्स) (डॉलर/टन)

| कमोडिटी | | बंद भाव |
|---|---|---|
| तांबा | नकद | 10029.50 |
| एल्युमिनियम | नकद | 2569.50 |
| जिंक | नकद | 2960.00 |
| लेड | नकद | 2243.50 |
| निकल | नकद | 19256.00 |

### SHFE (बेस मेटल्स) (युवॉन/टन)

| कमोडिटी | माह | बंद भाव |
|---|---|---|
| तांबा | 15 मई 24 | 80700.00 |
| एल्युमिनियम | 15 मई 24 | 20660.00 |
| जिंक | 15 मई 24 | 23250.00 |
| लेड | 15 मई 24 | 17680.00 |

## घरेलू बाजार

### MCX

| कमोडिटी | एक्सपायरी | बंद भाव | ट्रेंड** | ट्रेंड बदलाव की तिथि | ट्रेंड में बदलाव की दर | क्लोजिंग स्टॉप लॉस |
|---|---|---|---|---|---|---|
| बुलडेक्स | 27-05-24 | 18062.00 | मंदी | 22.04.24 | 17997.00 | 18200.00 |
| चांदी | 05-07-24 | 82878.00 | तेजी | 26.04.24 | 82496.00 | 81000.00 |
| सोना | 05-06-24 | 71271.00 | मंदी | 22.04.24 | 71251.00 | 71900.00 |
| कच्चा तेल | 20-05-24 | 6585.00 | मंदी | 01.05.24 | 6622.00 | 6750.00 |
| नेचुरल गैस | 28-05-24 | 184.20 | तेजी | 25.04.24 | 165.30 | 160.00 |

| कमोडिटी | एक्सपायरी | बंद भाव | ट्रेंड** | ट्रेंड बदलाव की तिथि | ट्रेंड में बदलाव की दर | क्लोजिंग स्टॉप लॉस |
|---|---|---|---|---|---|---|
| तांबा | 31-05-24 | 865.00 | तेजी | 06.05.24 | 866.70 | 850.00 |
| एल्युमिनियम | 31-05-24 | 234.35 | मंदी | 25.04.24 | 235.40 | 240.00 |
| जिंक | 31-05-24 | 262.10 | तेजी | 06.03.24 | 218.60 | 247.00 |
| लेड | 31-05-24 | 194.15 | तेजी | 05.04.23 | 186.55 | 185.00 |
| मेटलडेक्स | 20-05-24 | 17662.00 | तेजी | 15.03.24 | 15565.00 | 17100.00 |
| स्टील लांग | 20-05-24 | 46400.00 | तेजी | 06.05.24 | 45490.00 | 44500.00 |

**यह इंट्रा-डे कारोबार के लिए नहीं है। रूझानों का विश्लेषण बंद भाव के आधार पर करना चाहिए ।

**07.05.2024 को सभी बंद भाव**

## सर्राफा आउटलुक

सोने की कीमतों को 71000 पर सपोर्ट और 71400 पर रेजिस्टेंस रह सकता है। चांदी की कीमतों को 83000 के स्तर पर रेजिस्टेंस के साथ 82400 रू पर सपोर्ट रह सकता है । कीमतों में नरमी का रूझान रह सकता है। आज सोने की कीमतें स्थिर कारोबार कर रही है जबकि कारोबारियों को ब्याज दर में संभावित कटौती की समयसीमा पर अधिक स्पष्टता के लिए अमेरिकी फेडरल रिजर्व के अधिकारियों से नए संकेतों का इंतजार है। इस बीच, मिनियापोलिस फेड के अध्यक्ष नील काशकारी ने मंगलवार को कहा कि आवास बाजार की मजबूती के कारण रुकी हुई मुद्रास्फीति में आंशिक रूप से वृद्धि हुई है, इसका मतलब है कि अमेरिकी केंद्रीय बैंक को लंबी अवधि और संभवत: पूरे वर्ष के लिए उधार लेने की लागत स्थिर रखने की आवश्यकता होगी। मंगलवार को आधिकारिक आंकड़ों से पता चला कि चीन के केंद्रीय बैंक ने अप्रैल में अपने भंडार में 60,000 ट्रॉय औंस बुलियन जोड़ा, जिससे लगातार खरीद की अवधि 18 महीने तक बढ़ गई। दुनिया में सोने के सबसे बड़े एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड, एसपीडीआर गोल्ड ट्रस्ट की होल्डिंग्स मंगलवार को 0.21% गिरकर 830.47 टन हो गई, जो सोमवार को 832.19 टन थी। पिछले सप्ताह कीमतों में मामूली गिरावट के बावजूद भारत में सोने की भौतिक मांग कम रही, क्योंकि खरीदार इससे भी बड़ी गिरावट का इंतजार कर रहे हैं जबकि छुट्टियों के कारण मांग में सुस्ती के कारण चीन में सोने पर प्रीमियम में लगातार दूसरे सप्ताह गिरावट हुई।

## बेस मेटल आउटलुक

बेस मेटल की कीमतें नरमी के रूझान के साथ साइडवेज कारोबार कर सकती है । तांबे की कीमतें 860-868 के दायरे में कारोबार कर सकती है। अधिकांश बेस मेटल की कीमतों में आज गिरावट हुई है क्योंकि मजबूत अमेरिकी डॉलर ने खरीदारों के लिए कमोडिटी को और अधिक महंगा बना दिया, जबकि निवेशकों ने धातुओं की आपूर्ति की स्थिति का आकलन किया। धातुओं की आपूर्ति की स्थिति का आकलन भी निवेशकों के रडार पर है, क्योंकि कच्चे माल की कमी तांबे की कीमतों में हाल ही में तेजी का एक प्रमुख कारण रही है। रॉयटर्स ने मंगलवार को बताया कि खनन दिग्गज फ्रीपोर्ट-मैकमोरन अपने निर्यात लाइसेंस को बढ़ाने के लिए इंडोनेशिया के साथ सकारात्मक बातचीत के बाद जून से अपनी ग्रासबर्ग खदान से 900,000 टन तक तांबा कंसेंट्रेट भेजने की तैयारी कर रहा है। केंद्रीय बैंक ने कहा कि दुनिया के सबसे बड़े तांबा उत्पादक चिली में अप्रैल में लाल धातु का निर्यात 4.19 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जो एक साल पहले की तुलना में 25.3% अधिक है। जिंक में नरमी का रूझान रह सकता है और कीमतों को 260 पर सपोर्ट और 264 पर रेजिस्टेंस रह सकता है। लेड की कीमतें 193-195 के दायरे में साइडवेज कारोबार कर सकती है। एल्युमीनियम की कीमतें नरमी के रूझान के साथ 232-235 के दायरे में साइडवेज कारोबार कर सकती है।

## एनर्जी आउटलुक

कच्चे तेल की कीमतें मिले-जुले के रूझान के साथ कारोबार कर सकती है और कीमतों के 6540-6630 के दायरे में कारोबार करने की संभावना है। आज शुरुआती एशियाई कारोबार में तेल की कीमतों में गिरावट हुई जब बाजार सूत्रों ने कहा कि अमेरिकी पेट्रोलियम संस्थान के आंकड़ों से पता चलता है कि अमेरिकी कच्चे तेल और ईंधन भंडार में वृद्धि हुई है, जो कमजोर मांग का संकेतक है। अमेरिकी पेट्रोलियम संस्थान के आंकड़ों के अनुसार 3 मई को समाप्त सप्ताह में अमेरिकी कच्चे तेल के स्टॉक में 509,000 बैरल की वृद्धि हुई। गैसोलीन और डिस्टीलेट ईंधन भंडार में भी वृद्धि हुई। ईआईए ने 2024 के लिए अपने पूर्वानुमानों को अद्यतन किया है और अब उम्मीद है कि इस वर्ष विश्व तेल और तरल पदार्थ का उत्पादन पहले के अनुमानों की तुलना में अधिक बढ़ेगा, और मांग पहले की तुलना में कम बढ़ेगी। अमेरिका का मानना है कि गाजा युद्धविराम पर बातचीत इजराइल और हमास के बीच दूरियों को कम करने में सक्षम होनी चाहिए। मामले से परिचित एक सूत्र ने रॉयटर्स को बताया कि अमेरिकी सेंट्रल इंटेलिजेंस एजेंसी के निदेशक बिल बर्न्स इजरायल के प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और अन्य शीर्ष अधिकारियों के साथ बातचीत के लिए बुधवार को इजरायल की यात्रा करेंगे। नेचुरल गैस की कीमतें 181-187 के दायरे में कारोबार कर सकती हैं।

## प्रमुख आर्थिक आंकड़ें

| भारतीय समयानुसार | आर्थिक आंकड़ें | महत्व | संभावित | पिछला | प्रभावित कमोडिटी | प्रभाव |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 19:30 | अमेरिकी होलसेल इवेंन्ट्री (माह-दर-माह) (मार्च) | अधिक | -0.4% | 0.5% | मेटल एवं एनर्जी | अनुकूल |
| 20:00 | ईआईए कच्चे तेल का भंडार | अधिक | -1.430M | 7.265M | कच्चा तेल | अनुकूल |
| 20:00 | ईआईए गैसोलीन का भंडार | अधिक | -1.180M | 0.344M | कच्चा तेल | अनुकूल |

आप इस रिपोर्ट को हमारी वेबसाइट पर भी देख सकते हैं- www.smctradeonline.com

moneywise. be wise.

**Corporate Office:**
11/6B, Shanti Chamber,
Pusa Road, New Delhi - 110005
Tel: +91-11-30111000
www.smcindiaonline.com

**Mumbai Office:**
Lotus Corporate Park, A Wing 401 / 402 , 4th Floor ,
Graham Firth Steel Compound, Off Western Express Highway, Jay Coach Signal, Goreagon (East) Mumbai - 400063
Tel: 91-22-67341600, Fax: 91-22-67341697

**Kolkata Office:**
18, Rabindra Sarani, Poddar Court, Gate No-4,
5th Floor, Kolkata-700001
Tel.: 033 6612 7000/033 4058 7000
Fax: 033 6612 7004/033 4058 7004

प्रतिभूति बाजार में निवेश बाजार के जोखिमों के अधीन है। निवेश करने से पहले सभी संबंधित दस्तावेजों को ध्यान से पढ़ लें। सेबी द्वारा दिया गया पंजीकरण और एनआईएसएम से प्रमाणन किसी भी तरह से मध्यस्थ के प्रदर्शन की गारंटी नहीं देता है या निवेशकों को रिटर्न का कोई आश्वासन नहीं देता है। उद्धृत प्रतिभूतियां केवल उदाहरण के लिए हैं और अनुशंसात्मक नहीं हैं। एसएमसी सेबी द्वारा पंजीकृत एक अनुसंधान विश्लेषक है जिसका पंजीकरण संख्या आईएनएच 100001849 है। सीआईएन: L74899DL1994PLC063609 है।

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड (जिसे एसएमसी कहा जाता है) का नियमन भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा किया जाता है और इसे ब्रोकिंग व्यवसाय, डिपॉजिटरी सेवायें और संबंधित सेवायें करने का लाइसेंस प्राप्त है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड, एमएसईआई (मेट्रोपॉलिटन स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड) का रजिस्टर्ड सदस्य है और एम/एस एसएमसी कॉमट्रेड नेशनल कमोडिटी एवं डेरिवेटिव्स एक्सचेंज लिमिटेड और मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज ऑफ इंडिया और भारत के अन्य कमोडिटी एक्सचेंजों का रजिस्टर्ड सदस्य है। इसकी सहयोगी एमसीएक्स स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड की सदस्य हैं। एसएमसी सीडीएसएल (CDSL) और एनएसडीएल (NSDL) के साथ डिपॉजिटरी भागीदार के रूप में भी रजिस्टर्ड है। एसएमसी के अन्य एसोसिएट सेबी और भारतीय रिजर्व बैंक के साथ मर्चेंट बैंकर, पोर्टफोलियो मैनेजर के रूप में रजिस्टर्ड है। यह म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर के रूप में एएमएफआई (AMFI) में भी रजिस्टर्ड है।

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड सेबी (रिसर्च एनॉलिस्ट) रेगुलेशन 2014 के तहत रिसर्च एनॉलिस्ट के लिए रजिस्ट्रेशन संख्या INH100001849 के साथ रजिस्टर्ड संस्था है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड या इसके सहयोगियों को सेबी द्वारा अन्य किसी रेगुलेटरी एथॉरिटी द्वारा सिक्योरिटीज मार्केट/कमोडिटी मार्केट में कारोबार के लिए प्रतिबंधित/निलंबित नही किया गया है। रिपोर्ट में रिसर्च एनॉलिस्टों द्वारा व्यक्त की गई राय केवल सार्वजनिक रूप से प्राप्त सूचनाओं/इंटरनेट आंकड़ों/अन्य विश्वसनीय स्रोतों, जिन्हे सत्य माना जाना जाता है, पर आधारित है। एसएमसी रिपोर्ट में व्यक्त राय या सामग्री की शुद्धता को लेकर कोई आश्वासन नही देता है और निवेशकों को सलाह दी जाती है कि निवेश के लिए कोई भी निर्णय करने से पहले बाजार की परिस्थितियों/जोखिमों का स्वतंत्र रूप से मूल्यांकन करें। रिसर्च एनॉलिस्ट, जिन्होने इस रिपोर्ट को तैयार किया है, एतद् द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि इस रिपोर्ट में विशेष कमोडिटी के संदर्भ में व्यक्त किया गया विचार/राय उनके निजी स्वतंत्र विचार/राय है।

**डिसक्लेमर:** यह रिसर्च रिपोर्ट अधिकृत प्राप्तकर्ता की व्यक्तिगत सूचना के लिए है और इसका निवेशक के किसी निवेश, विधिक एवं कर संबंधी परामर्श से संबंध नही हैं। यह केवल प्राइवेट सर्कुलेशन एवं उपयोग के लिए है। यह रिपोर्ट विश्वस्त सूचनाओं पर आधारित है लेकिन यह पूरी तरह सही और पूर्ण है, ऐसा जरूरी नही और इस पर पूरी तरह भरोसा नही किया जाना चाहिए। रिपोर्ट के कन्टेन्ट के आधार पर कोई कार्य नही किया जा सकता है। इस रिपोर्ट को एसएमसी से लिखित आज्ञा के बिना किसी भी रूप में नकल एवं किसी भी अन्य व्यक्ति को पुन: वितरण नही किया जाना चाहिए। इस सामग्री का कन्टेन्ट सामान्य है और यह न तो पूरी तरह से व्यापक है और न विस्तृत है। इस रिपोर्ट के आधार पर उठाये गये किसी कदम से होने वाली क्षति या नुकसान के लिए न तो एसएमसी और न इसका कोई संबंधी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी को उत्तरदायी ठहराया जाना चाहिए। यह कोई व्यक्तिगत अनुमोदन नही करता या किसी खास निवेश उदेश्य, वितीय स्थिति या किसी व्यक्तिगत ग्राहक या कॉरपोरेट या सत्ता की जरूरतों को लेकर नही चलता है। सभी निवेश जोखिमपूर्ण होते है एवं पिछला प्रदर्शन भविष्य के किसी प्रदर्शन की गारन्टी नही देता है। निवेश की वैल्यू और उससे प्राप्त आमदनी एक निश्चित समय में उपलब्ध कुछ बड़े एवं सूक्ष्म कारकों के बदलाव पर निर्भर कर सकती है। निवेश का निर्णय लेते समय किसी भी व्यक्ति को अपने विवेक का इस्तेमाल करना चाहिए।

कृपया ध्यान रखें कि हम या हमारा कोई अधिकारी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी, जो भी इस रिपोर्ट को बनाने या भेजने में शामिल है उसकी (अ) समय-समय पर किसी भी कमोडिटीज में, जिनका इस रिपोर्ट में जिक्र किया गया है, खरीद या बिक्री, कोई भी पोजिशन हो सकती है और वह इस कमोडिटीज को खरीद या बिक्री कर सकता है या (ब) साथ ही साथ वह इन कमोडिटीज के किसी भी प्रकार के सौदों में और ब्रोकरेज या अन्य प्रकार के प्रतिकर में अथवा बाजार निर्माण में शामिल हो सकता है, (स) इस रिपोर्ट में दिए गये सुझावों और संबंधित सूचनाओं एवं विचारों के संदर्भ में इनका अपना कोई भी निहित स्वार्थ या विवाद हो सकता है। सभी विवादों का निपटारा अंतिम रूप से दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीन होगा।